# न्यायालय अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, सिरोही
## (पीठासीन अधिकारी: आशाराम डूडी, आर.ए.एस.)

(1) प्रकरण संख्या: 05/2017

(2) दायरा दिनांक: 05.9.2017

सायल

स्टेट जरिये जिला पुलिस अधीक्षक, सिरोही

बनाम

गैरसायल

छगनलाल पुत्र रावताजी, जाति- भील, निवासी- हालीवाडा, पुलिस थाना कालन्द्री

''इस्तगासा अर्न्तगत धारा 3 राजस्थान गुण्ड़ा नियंत्रण अधिनियम, 1975''

उपस्थिति:

1. सहायक लोक अभियोजक
2. गैरसायल एवं गैरसायल के अधिवक्ता श्री विक्रम सिंह देवडा

-: निर्णय :- दिनांक 16 जुलाई, 2018

(1) संक्षिप्त में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है। जिला पुलिस अधीक्षक, सिरोही द्वारा गैरसायल छगनलाल पुत्र रावताजी, जाति- भील, निवासी- हालीवाडा के विरुद्ध यह इस्तगासा राजस्थान गुण्ड़ा नियंत्रण अधिनियम 1975 की धारा- 3 के तहत प्रस्तुत कर अनुरोध किया कि गैरसायल आले दर्जे का बदमाश एवं अवैध शराब के कारोबार में लिप्त है जो शराब का अवैध कारोबार कर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड करता है। गैरसायल के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने के बावजूद भी उक्त अपराध पर रोक नही लग पाई है। गैरसायल के अवैध शराब के कारोबार से आम लोगों, बच्चों पर दुष्प्रभाव की शिकायत समय समय पर मिलती रहती है। गैरसायल के विरुद्ध कोई भी व्यक्ति साक्ष्य देने को तैयार नही है। गैरसायल द्वारा अवैध शराब परिवहन करता पाया जाने पर गैरसायल के विरुद्ध पुलिस थाना कालन्द्री में राजस्थान आबकारी अधिनियम की धारा 19/54 के तहत 3 प्रकरण दर्ज हुये है एवं इन तीनों प्रकरणों में गैरसालय के विरुद्ध संबंधित न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किये गये जिसमें से दो प्रकरणों में संबंधित न्यायालय द्वारा गैरसायलय को दोष सिद्ध ठहराते हुए जुर्माने/सजा से दण्डित किया है। गैरसायल अवैध शराब के कारोबार में लिप्त है जो बावजूद सजा के भी निरन्तर आपराधिक प्रवृति में लिप्त है जो आदतन शराब के अवैध कारोबार में लिप्त होने से जनता में भय व्याप्त है व लोग गैरसायल के भय से पुलिस को सूचना देने से कतराते है। अतः गैरसायल के विरुद्ध कानूनी सलूक फरमाकर जिले से निष्कासित किया जावे।

(2) प्रस्तुत इस्तगासे पर गैरसायल के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया जाकर गैरसायल को नोटिस जारी किया गया एवं नोटिस के साथ गैरसायल पर लगाये गये आरोपों की प्रति भी तामिल करवाई गई। जिस पर प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 26.9.2017 को गैरसायल इस न्यायायल में उपस्थित हुआ एवं गैरसायल की ओर से अधिवक्ता श्री

......पेज दो पर

अति. जिला मजिस्ट्रेट

सिरोही-307001.

विक्रम सिंह देवडा हुये। दिनांक 26.9.2017 को गैरसायल ने एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अनवीक्षा चाही। तत्पश्चात् प्रकरण नियत सुनवाई दिनांक 16.7.2018 को गैरसायल ने उपस्थित होकर आरोप स्वीकारोक्ति का प्रार्थना पत्र कर प्रकरण का आज ही निस्तारण किये जाने का अनुरोध किया।

(3) प्रकरण में गैरसायल द्वारा आरोप स्वीकार कर लिये जाने से सहायक लोक अभियोजक एवं गैरसायल के अधिवक्ता की बहस सुनी गई। सहायक लोक अभियोजक ने बहस के दौरान इस्तगासे में अंकित तथ्यों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए यह व्यक्त किया कि गैरसायल के विरुद्ध राजस्थान आबकारी अधिनियम की धारा 19/54 के तहत पुलिस थाना कालन्द्री में 3 प्रकरण दर्ज हुये जिनमें गैरसायल के विरुद्ध संबंधित न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किये एवं जिसमें से दो प्रकरणों में संबंधित न्यायालय द्वारा गैरसायल को दोष सिद्ध ठहराते हुए सजा/जुर्माने से दण्डित किया गया है। गैरसायल आले दर्जे का बदमाश एवं अवैध शराब के कारोबार में लिप्त है, जो शराब का अवैध कारोबार कर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड करता है। गैरसायल के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने के बावजूद भी उक्त अपराध पर रोक नही लग पाई है। गैरसायल के ऐसे आपराधिक कृत्यों से आम जन में भय व्याप्त है तथा लोग इसके विरुद्ध साक्ष्य देने से कतराते है, इसलिये गैरसायल की इन आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु गैरसायल को छः माह की अवधि के लिये जिले से निष्कासित किया जावे। जबकि गैरसायल के अधिवक्ता ने बहस के दौरान यह व्यक्त किया कि गैरसायल वर्तमान में किसी भी आपराधिक गतिविधियों में सम्मिलित नही है। गैरसायल ने अवैध शराब के उक्त दोनों मुकदमों में लोक अदालत की भावना से जुर्म स्वीकार किया था। गैरसायल के विरुद्ध शांति भंग करने, मारपीट करने, लोगों को धमकाने आदि कोई मुकदमें दर्ज नही हुये है, केवल गैरसायल के विरुद्ध उक्त मुकदमे ही दर्ज हुये है जिनमें गैरसायल ने लोक अदालत की भावना से जुर्म स्वीकार किया था। गैरसायल के विरुद्ध आरोप गंभीर प्रकृति के नही है। गैरसायल विगत दो वर्षो से किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधियों में लिप्त नही है। गैरसायल वर्तमान में मजदूरी कर शांतिपूर्वक जीवन यापन कर रहा है। गैरसायल भविष्य में कोई अपराध नही करेगा, इसलिये गैरसालय के विरुद्ध यह कार्यवाही ड्रॉप की जावे।

(4) प्रकरण में सुनी गई बहस पर मनन किया गया एवं न्यायालय पत्रावली तथा पत्रावली उपलब्ध साक्ष्यों का गंभीरतापूर्वक अध्ययन व अवलोकन किया गया। पुलिस अधीक्षक, सिरोही की रिपोर्ट अनुसार गैरसायल छगनलाल पुत्र रावताजी, जाति- भील, निवासी-हालीवाडा के विरुद्ध पुलिस थाना, कालन्द्री में राजस्थान आबकारी अधिनियम की धारा 19/54 के तहत अपराध संख्या 58/16.7.2012, 29/13.3.2014 व 40/26.4.2016 को दर्ज हुये। जिनकी प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रतियां न्यायालय पत्रावली पर उपलब्ध है। धारा 19/54 राजस्थान आबकारी अधिनियम के तहत गैरसालय के विरुद्ध दर्ज उक्त मुकदमों में बाद तफतीश गैरसायल के विरुद्ध संबंधित न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किये गये है, इन आरोप पत्रों की प्रतियां न्यायालय पत्रावली पर उपलब्ध है। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों के अवलोकन से यह भी स्पष्ट है कि उक्त अपराध संख्या 58/16.7.2012 व 29/13.3.2014 में संबंधित न्यायालय द्वारा पारित निर्णय

.....पेज तीन पर

अति. जिला मजिस्ट्रेट
सिरोही-307001.

दिनांक क्रमश: 18.11.2013 व 24.9.2014 के अनुसार गैरसायल को दोष सिद्ध ठहराया. गया है। इससे, यह स्पष्ट है कि गैरसायल राजस्थान गुण्ड़ा नियंत्रण अधिनियम 1975 की धारा 2(ख)(II) में वर्णित अपराध करने का दोषी है व गुण्ड़ा की श्रेणी में आता है, लेकिन गैरसायल के विरुद्ध दिनांक 26.4.2016 के बाद किसी प्रकार का कोई मुकदमा दर्ज होने बाबत कोई साक्ष्य पत्रावली पर उपलब्ध है। गैरसायल द्वारा लोगों को धमकानें व आतंकित करने के संबंध में भी साक्ष्य न्यायालय पत्रावली पर उपलब्ध नही है। गैरसायल के विरुद्ध शांतिभंग करने के सम्बन्ध में कोई कार्यवाही हुई हो, ऐसी भी साक्ष्य न्यायालय पत्रावली पर उपलब्ध नही है।

अत: उपरोक्त सभी तथ्यों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक, सिरोही द्वारा प्रस्तुत इस्तगासे को आंशिक रुप से स्वीकार करते हुऐ गैरसायल छगनलाल पुत्र रावताजी, जाति- भील, विासी- हालीवाडा, पुलिस थाना कालन्द्री को छ: माह की अवधि के लिये नेकचलनी व शांति बनाये रखने हेतु पाबन्द कर आदेशित किया जाता है कि गैरसायल एक सामान्य व अच्छे नागरिक की तरह जीवन यापन करेगा तथा गैरसायल भविष्य में कोई आपराधिक कृत्य नही करेगा। गैरसायल उक्त निर्देश/निर्बन्धन एवं शर्तो का सम्यक पालन करने की दृष्टि से उक्त अधिनियम की धारा 7(1) के तहत रुपये पचास हजार रुपये का स्वयं का बन्ध पत्र प्रस्तुत करेगा। निर्णय सरे इजलास सुनाया गया।

(आशाराम डूडी)
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट,
सिरोही